हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, बुधवार 12 जून 2024
[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]



GOAL®
Educational Services Pvt. Ltd.
Nation's Leading Institute

AUTHENTIC 100% RESULT

Congratulations



Ranjeet Kumar
Director, Chhattisgarh

## गोल के छात्रों की बड़ी सफलता मेहनत और लगन ने रचा इतिहास

### GOAL'S NEET RESULT - 2024

- KESHAV SAURABH SAMDARSHI – 715/720
- GAURAV KUMAR – 710/720
- SHUBHAM KUMAR – 710/720
- NIKHIL KR. GUPTA – 706/720
- SAURAV KUMAR – 705/720
- MD. SAIF ALI – 705/720
- HEMA MEHTA – 702/720
- ANANYA AAYUSHI – 701/720
- PRACHI KUMARI – 700/720
- MD. IRTAZA JAWED – 700/720
- SHUBHAM KUMAR – 700/720

### GOAL'S BHILAI NEET RESULT - 2024

Total C.G. Students Expected to Get Admission in Govt. Medical College - 125

- REENA SAHU – 682/720 – 1 Yr. Classroom (OBC)
- ANUPRIYA – 660/720 – 1 Yr. Classroom + AITS (Gen.)
- NIKHIL KUMAR – 650/720 – 1 Yr. Classroom + AITS (OBC)
- ABHISHEKH VERMA – 649/720 – 1 Yr. Classroom (OBC)
- BHAGYASHREE – 617/720 – 2 Yrs. Classroom (OBC) (Running 12th)
- RAKESH – 608/720 – 1 Yr. Classroom (Gen.)
- GOURAV – 607/720 – 1 Yr. Classroom (Gen.)
- ARCHANA BANJARE – 605/720 – 2 Yrs. Classroom (SC)
- ANAL KUSHWAHA – 602/720 – 1 Yr. Classroom (OBC)
- SHREYA DEWANGAN – 602/720 – 2 Yrs. Classroom (OBC) (Running 12th)

- PRIYANKA – 601/720 – 1 Yr. Classroom (Gen.)
- SHIVAM – 600/720 – 1 Yr. Classroom (Gen.)
- AVINASH – 589/720 – 1 Yr. Classroom (Gen.)
- SHIVAM DAS – 587/720 – 1 Yr. Classroom (SC)
- ANUBHOOTI – 585/720 – 1 Yr. Classroom (SC)
- DHANI PRIYA – 582/720 – 1 Yr. Classroom (Gen.)
- BHUSHAN SETH – 581/720 – 1 Yr. Classroom (OBC)
- ASHUTOSH – 578/720 – 1 Yr. Classroom (OBC)
- DEVANSHI – 578/720 – 2 Yrs. Classroom (OBC)
- GARIMA SAHU – 572/720 – 2 Yrs. Classroom (OBC)
- C.H. HARSHIKA – 571/720 – 1 Yr. Classroom (OBC)
- NEHA SINGHROUL – 568/720 – 1 Yr. Classroom (OBC)
- BHAGYADEV – 567/720 – 1 Yr. Classroom (OBC)
- NAINA SAHU – 561/720 – 1 Yr. Classroom (OBC)
- LAKSHYA SAHU – 555/720 – 1 Yr. Classroom (OBC)
- MOSHAHID RAZA – 545/720 – 1 Yr. Classroom (Gen.)
- POOJA PATEL – 532/720 – 1 Yr. Classroom (OBC)
- VIJAY CHANDRAKAR – 530/720 – 1 Yr. Classroom (OBC)
- AADITYA – 503/720 – AITS (ST)
- ANURAG – 500/720 – 1 Yr. Classroom (SC)
- LISHA – 491/720 – 1 Yr. Classroom (SC)
- SNEHA – 473/720 – 1 Yr. Classroom (ST)
- CHANCHAL – 468/720 – 1 Yr. Classroom (SC)
- ANJALI – 456/720 – 1 Yr. Classroom (ST)
- NISHITA – 447/720 – 1 Yr. Classroom (ST)
- KUNAL – 444/720 – 1 Yr. Classroom (ST)
- GOUTAM – 441/720 – 1 Yr. Classroom (ST)
- ATUL – 441/720 – 1 Yr. Classroom (ST)
- DEEPALI – 436/720 – 1 Yr. Classroom (SC)
- SHARDHA – 423/720 – 1 Yr. Classroom (ST)
- POOJA RANI – 420/720 – 1 Yr. Classroom (SC)
- MINAKSHI – 414/720 – 1 Yr. Classroom (ST)
- FATTEH SINGH – 404/720 – 1 Yr. Classroom (ST)
- GAURAV – 393/720 – 1 Yr. Classroom (ST)
- SUMEET – 393/720 – 1 Yr. Classroom (ST)
- KHUSHI – 380/720 – 1 Yr. Classroom (ST)
- NIKHIL – 379/720 – 1 Yr. Classroom (ST)
- ASHISH – 378/720 – 1 Yr. Classroom (ST)
- PRIYANSH – 369/720 – 1 Yr. Classroom (ST)
- SHAINLEY JOHN – 368/720 – 1 Yr. Classroom (ST)
- JITENDRA – 366/720 – 1 Yr. Classroom (ST)
- POORNIMA – 365/720 – 1 Yr. Classroom (ST)
- SHESH KUMARI – 365/720 – 1 Yr. Classroom (ST)
- RASHMI – 362/720 – 1 Yr. Classroom (ST)
- VAISHALI – 359/720 – 1 Yr. Classroom (ST)
- PALLAVI – 356/720 – 1 Yr. Classroom (ST)
- BHAVESH – 356/720 – 1 Yr. Classroom (ST)
- RASHMI BAGHEL – 353/720 – 1 Yr. Classroom (ST)
- HITESHWARI – 351/720 – 1 Yr. Classroom (ST)
- KAVITA – 350/720 – 1 Yr. Classroom (ST)
- AMIT – 350/720 – 1 Yr. Classroom (ST)
- ISHA SINGH – 350/720 – 1 Yr. Classroom (ST)
- URMILA RANA – 343/720 – 1 Yr. Classroom (ST)
- MEENU TARAME – 339/720 – 1 Yr. Classroom (ST)
- PRIYANKA – 335/720 – 1 Yr. Classroom (ST)





A Blessing Ceremony And A Grand Rally Was Organized By GOAL Institute Bhilai Center On 09.06.2024.

SCHOLARSHIP BASED ON NEET - 2024 SCORE BHILAI CENTRE

| NEET 2024 Score | Scholarship | NEET 2024 Score | Scholarship |
|---|---|---|---|
| 550+ (Gen.) | 50% | 450+ (SC) | 50% |
| 530+ (Gen.) | 40% | 430+ (SC) | 40% |
| 510+ (Gen.) | 30% | 410+ (SC) | 30% |
| 545+ (OBC) | 50% | 345+ (ST) | 50% |
| 525+ (OBC) | 40% | 325+ (ST) | 40% |
| 505+ (OBC) | 30% | 305+ (ST) | 30% |

20% OFF IN ADMISSION FEE FOR ALL STUDENT

100% Students Qualified in NEET and 31% Students are Expected to get Govt. Medical College

## GOAL'S RESULT ORIENTED CLASSROOM PROGRAMS

**DROPPER BATCH** For NEET 2025 21June & 28 June - 2024 — Eligibility - 12th Passed

**ACHIEVER BATCH** For NEET 2025 5 July & 19 July - 2024 — Eligibility - NEET Appeared / 12th Passed

**FOUNDATATION** For 11th & 12th Board + NEET / JEE — Eligibility - 10th Pass

**ALL INDIA TEST SERISE** For NEET - 2025 Test Starts on 30th June 2024 — Eligibility - NEET Appeared / 12th Passed

https://bit.ly/3RiHhA7 NEET Question& Answer Key
https://bit.ly/3VvMil3 Classroom Youtube Video

**BHILAI** 166, NEW CIVIC CENTRE, PH- 0788-4013502, 7415884100
**BHILAI** GOAL GENIUS CAMPUS, RISALI, PH- 0788-4040300, 7772060999
**BHILAI** 139, ZONAL MARKET, SECTOR-10, PH- 0788-4064100, 9826943595
**RAIPUR** BESIDE VIDYA HOSPITAL, SHANKAR NAGAR, PH- 0771-4060711, 9926454100

FACILITIES: AC CLASSROOM, LIBRARY, HOSTEL, TRANSPORT

GOAL BRANCHES : DELHI I PATNA I RANCHI I DHANBAD
website : www.goalinstitute.org, Email : goalinstitutebhilai@gmail.com, Facebook : goalinstitutebhilai

## खबर संक्षेप

### चोपड़ा लोगों की समस्याएं सुनेंगे आज

**महासमुंद।** पूर्व विधायक एवं भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विमल चोपड़ा 12 जून को सुबह 11 से 12 के बीच एसडीएम कार्यालय महासमुंद में जनता की समस्याओं को लेकर एसडीएम एवं तहसीलदार से मिलेंगे। साथ ही लोगों की समस्याओं के निराकरण के लिए चर्चा करेंगे। जिस प्रकार शत्रुघन साहू बिरकोनी निवासी को अपनी सामान्य सी समस्या के हल के लिए आमरण अनशन जैसा कदम उठाना पड़ा वो नौबत ना आने पाए। डॉक्टर चोपड़ा ने आम लोगों से आह्वान किया है कि प्रातः 11 बजे से 12 बजे के मध्य उनसे एसडीएम कार्यालय परिसर में मिलकर अपनी राजस्व विभाग एवं अन्य विभाग से संबंधित समस्याएं बता सकते हैं। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता भी उपस्थित रहेंगे।

### सुप्रजा पर दिया गया प्रशिक्षण

**धमतरी।** कलेक्टर नम्रता गांधी के मार्गदर्शन में आयुष विभाग, पंचायत, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में सुप्रजा के तहत विकासखण्ड स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिले के धमतरी, कुरूद, मगरलोड और नगरी में आयोजित इस प्रशिक्षण में आयुष विभाग के मास्टर ट्रेनर्स, एनआरएलएम बिहान के बीपीएम, एरिया कोऑर्डिनेटर, एडीईओ तथा महिला एवं बाल विकास विभाग को पर्यवेक्षकों को 'सुप्रजा' के अंतर्गत गर्भ संस्कार, गर्भिणी परिचर्या, गर्भस्थापक एवं गर्भस्थ शिशुओं के सम्पूर्ण विकास की जानकारी दी गई। प्रशिक्षुओं को सुप्रजा के महत्व एवं व्यापक प्रचार प्रसार के लिए गर्भ स्थापक औषधियों का जीवन्त प्रदर्शन भी किया गया। प्रशिक्षण में कुल 431 प्रशिक्षणार्थियों ने हिस्सा लिया।

### बैठक में सामाजिक प्रकरणों का हुआ निबटारा

**धमतरी।** लिमतरा परिक्षेत्र साहू समाज की बैठक परिक्षेत्रीय भवन में आयोजित की गई। अशोक साहू सभापति के सानिध्य में मां कर्मा की आरती और पूजा-अर्चना की गई। कक्षा 10वीं एवं 12 वीं के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का श्रीफल तथा प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। परिक्षेत्र के निवृतमान पदाधिकारियों का भी सम्मान किया गया। गोपाल साहू, चिरौंजी लाल साहू, निर्मलसाहू, रेणुका साहू, तरुण साहू, पन्नालाल साहू ने सामाजिक प्रकरणों को हल करने में अपनी भूमिका निभाई। बैठक में सामाजिक गतिविधियों पर चर्चा की गई। मौके पर हंसराज साहू अध्यक्ष, तरुण साहू संरक्षक, चुनुलाल साहू, राजाराम साहू, श्रवण साहू, लक्ष्मण, घनश्याम सिंह साहू, कार्तिक राम, रेणुका साहू, रुक्मणि, सावित्री समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। बैठक का संचालन ज्ञानानंद साहू सचिव ने किया। कार्यक्रम में श्रीमती पूर्णिमा बनपेला जनपद सदस्य एवं चारामा, संकरी अभनपुर और दानीटोला परिक्षेत्र के पदाधिकारियों ने भी अपनी उपस्थिति प्रदान की।

# गुठानीपाली के डीपापारा में पेयजल की गंभीर समस्या, जनपद सीईओ को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली



विकासखंड के अन्तर्गत ग्राम पंचायत पंडरीपानी के आश्रित ग्राम गुठानीपाली के डीपापारा में पेयजल की गंभीर समस्या के कारण मोहल्लेवासी बहुत तकलीफ में हैं। मोहल्लेवासियों ने भीषण गर्मी में पानी समस्या के समाधान के लिए भाजपा मंडल के मंडल महामंत्री प्रमोद कुमार सागर के नेतृत्व में जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को पानी की समस्या से निजात पाने के लिए लिखित आवेदन सौंपा गया। गुठानीपाली के ग्रामीणों का कहना है कि डीपापारा में एक भी नलकूप बोरिंग नहीं है। यहां पेयजल के लिए नल जल योजना के तहत पानी सप्लाई भी नहीं दिया गया है। जिससे वार्डवासी डीपापारा वाले बहुत तकलीफ में हैं। गांव की तालाब भी सूख गया। और इस भीषण गर्मी में निस्तारी के लिए भी हमें दो-तीन किमी की दूरी से पानी लाना पड़ रहा है, जिससे हमें बहुत समस्याएं हो रही है। ग्रामीणों ने कहा कि उनके आजीविका के लिए अपने घरों में पालतू मवेशी भी रखे हैं, जिनके लिए भी पानी उपलब्ध कराना कठिन हो रहा है, हमें बहुत परिश्रम से पानी मिल रहा है। यदि हमारे मोहल्ले में तत्काल एक नलकूप खनन कर दिया जाता है तो पेयजल की समस्या का समाधान हो जाएगा। इस अवसर पर मंडल महामंत्री प्रमोद सागर के साथ ग्रामीणों में सुखदेव, राहुल, सहदेव, जयदेव, श्यामकुमारी, दुरपति, बिदेशिनी सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

# कॉलेज में अग्निशामक यंत्रों की रिफिलिंग की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ अनुसुइया अग्रवाल की मार्गदर्शन में डॉ. मालती तिवारी संयोजक महाविद्यालय आपदा प्रबंधन समिति द्वारा विभिन्न प्रकार के आपदा से बचाव के लिए आवश्यक यंत्र, सीओ 2 सिलेंडर, फर्स्ट एड बॉक्स आदि का रिफिल किया गया।

साथ ही उसका प्रशिक्षण प्रशिक्षक राजेश कुमार द्वारा दिया गया। जिसमें 1 सीओ2 सिलेंडर जिसका उपयोग इलेक्ट्रॉनिक से चलने वाले उपकरणों के लिए किया जाता है। ये कूलिंग पद्धति के रूप में कार्य करता है इसका उपयोग बंद जगहों में किया जाता है क्योंकि, इसमें जो गैस होता है वो निश्चित दूरी तक आग को बुझाता है। 19 फर्स्ट एड बॉक्स रिफिलिंग किया। 1 एबीसी सिलेंडर प्राप्त हुआ, इसका उपयोग सभी जगह आग बुझाने के लिए उपयोग किया जाता है। इससे निकलने वाला पाउडर आग बुझाने का काम करता है और इसमें जो प्रेसर एन2 गैस होता है, वो पाउडर को सिलेंडर से बाहर निकालने का काम करता है, ताकि, हम आसानी से 6 से 7 फीट की दूरी कवर कर सके। प्रशिक्षण में महाविद्यालय के डॉ. ईपी चेलक, अजय कुमार राजा, सीमारानी प्रधान, सरस्वती सेठ, एसआर रात्रे, कार्यालय प्रमुख मुकेश साहू, मनोज शर्मा, वेद देवांगन, कुंदन देवांगन, संतोष साहू उपस्थित रहे।

तहसील स्तरीय दो दिवसीय वार्षिक अधिवेशन में अतिथियों ने रखे विचार

# झरिया गंधर्व समाज ने व्यर्थ खर्चों पर प्रतिबंध लगाने का लिया निर्णय



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नगरी

झरिया गंधर्व समाज का तहसील स्तरीय दो दिवसीय वार्षिक अधिवेशन कर्णेश्वर धाम स्थित सामाजिक भवन में हुआ। प्रथम दिवस की मुख्य अतिथि श्रीमती आराधना नागेन्द्र शुक्ला अध्यक्ष नगर पंचायत नगरी थीं। पारंपरिक वाद्य के साथ मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्रीमती शुक्ला ने झरिया गंधर्व समाज को स्वाभिमानी बताते हुए कहा कि जब भी समाज को मेरी आवश्यकता पड़ेगी, जनप्रतिनिधि के नाते सामाजिक विकास और उत्थान के लिए खड़ी रहूंगी। विशेष अतिथि कर्णेश्वर धाम ट्रस्ट के अध्यक्ष विकल गुप्ता ने सामाजिक संगठन के महत्व एवं सामाजिक एकता में बने रहने की बात कही।



छिपलीपारा सरपंच राजेश कोर्राम ने भी शिक्षा पर जोर दिया।

समाजजनों ने व्यर्थ खर्चों पर प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया। मौके पर अध्यक्ष गणेश राम टांडेश, उपाध्यक्ष गणेश राम नागरची, सचिव बृजभूषण बघेल, कोषाध्यक्ष सेवाराम बघेल, सह सचिव बसंत टांडेश, सभा संचालक सुखीराम नागची, सुरेश कुमार झरिया, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष श्रीमती चमेली बाई सोनवानी, उपाध्यक्ष श्रीमती रुक्मणी बघेल, सचिव श्रीमती धनेश्वरी नेताम, कोषाध्यक्ष श्रीमती बिमला बाई सूर्यवंशी, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष संतोष मरकाम, उपाध्यक्ष जितेन्द्र मरकाम, सचिव सुरेश झरिया, कोषाध्यक्ष गैंदलाल सागर, विक्रम बघेल, भोजराज सोनवानी जिला मीडिया प्रभारी मौजूद थे।

# मान्यता लेकर ही स्कूल संचालन करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद




कलेक्टर प्रभात मलिक ने समय-सीमा की बैठक लेकर जिला अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। मलिक ने प्राइवेट स्कूल संचालकों की शिकायत मिलने के बाद संचालकों को शिक्षा विभाग से हर वर्ष मान्यता लेकर ही स्कूल संचालन करने के निर्देश दिए है।

उन्होंने सभी कार्यालयों में अधिकारी-कर्मचारियों को समय पर कार्यालय पहुंचने निर्देशित किया है। शासकीय योजनाओं के संबंध में समीक्षा करते हुए कहा कि सभी योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी अद्यतन कर लें। उन्होंने श्रम विभाग अंतर्गत पात्र हितग्राहियों का अधिक से अधिक पंजीयन कराने तथा लाभान्वित करने के निर्देश दिए है। राशनकार्ड धारकों से राशन कार्ड में मौजूद सदस्य की मृत्यु उपरांत नाम विलोपित कराने निर्देशित किया है। इसके अलावा उन्होंने विशेष पिछड़ी जनजाति के लोगों का किसान किसान क्रेडिट कार्ड बनवाने तथा पात्र युवतियों का एनएम में भर्ती कराने के लिए निर्देश दिए है। कलेक्टर मलिक ने पेयजल परिरक्षण अधिनियम के तहत शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के जल अभावग्रस्त क्षेत्रों में बोर खनन प्रतिबंधित करते हुए कार्रवाई के निर्देश दिए है। साथ ही खाद बीज, जल जीवन मिशन आदि के संबंध में भी चर्चा की गई। बैठक में वनमंडलाधिकारी पंकज राजपूत, सीईओ जिपं एस आलोक, अपर कलेक्टर रवि साहू और जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

# डांडेसरा शाला विकास समिति की हुई बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डांडेसरा(धमतरी)

शासकीय माध्यमिक शाला, प्राथमिक शाला एवं नवीन प्राथमिक शाला डांडेसरा में संयुक्त शाला समिति एवं मध्यान्ह भोजन संचालनकर्ता समूह की बैठक रखी गई। बैठक में शाला की साफ-सफाई, शाला प्रवेश उत्सव, मध्यान्ह भोजन की तैयारी एवं न्योता भोजन व अन्य विषयों पर चर्चा की गई।

इस अवसर पर ग्राम पटेल अंगद राम साहू, सरपंच बिन्दु साहू, शाला के प्रधानपाठक राजेश साहू, खेमिन साहू, सूर्यकांत साहू, बृजभूषण बंजारे, किरण कुमार साहू, टिकेश्वर साहू, राजनारायण दीवान, सुभाष ध्रुव, आसीन दीवान, कीर्ति साहू, सेवती साहू, अंजु ध्रुव, मेमबाई साहू, नन्दनी साहू, सरस्वती साहू, चम्पा साहू उपस्थित थे।

# खेल से एकता और भाईचारा मजबूत होता है : ओंकार



**धमतरी।** ग्राम कंवर में गढ़िया इलेवन क्रिकेट क्लब एवं ग्रामवासियों के सहयोग से छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण स्तरीय टेनिस बॉल क्रिक्रेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विधायक ओंकार साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि क्रिक्रेट दुनिया में सबसे प्रचलित खेलों में से एक है। भारत में क्रिकेट का खेल कई वर्षों से खेला जा रहा है। इस खेल को बच्चों द्वारा काफी पसंद किया जाता है। क्रिकेट की लोकप्रियता इतनी अधिक है कि इसे देखने के लिए दर्शकों की भीड़ स्टेडियम में जुट जाती है। श्री साहू ने आगे कहा कि खेल से शारीरिक व मानसिक विकास होता है। साथ ही स्वस्थ प्रतियोगिता की भावना का विकास भी होता है। खेल से एकता और आपसी भाईचारा मजबूत होता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती संगीता सिन्हा विधायक संजारी बालोद ने की। विशिष्ट अतिथि तामेश्वर साहू ब्लाक अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी गुरुर, श्रीमती दिव्या रेखलाल पटेल सरपंच कंवर थे।

# टोल टैक्स से बचने गांव के रास्ते गुजर रहे भारी वाहन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरूद

■ आवाजाही पर रोक लगाने ग्रामीणों ने एसडीएम से लगाई गुहार

एनएच 30 में जब से टोल प्लाजा शुरू हुआ है तबसे धमतरी जिले के नागरिकों एवं संगठन टोल टैक्स में छूट प्रदान करने के लिए लगातार आवाज बुलंद कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर टोल टैक्स से बचने के लिए चारपहियाधारी रास्ता बदलते हुए सफर करते नजर आ रहे हैं जिससे भखारा रोड एवं कुरूद के चरमुड़िया, अटंग, अछोटी, सिर्री रोड पर दबाव बढ़ गया है।

बता दें कि नेशनल हाईवे ऑफ अथॉरिटी द्वारा एनएच 30 में मरौद के पास टोल नाका बनाकर कार, बस, भारी वाहन व अन्य वाहनों से निर्धारित शुल्क लेना 3 जून से शुरू हो गया है। इससे धमतरी जिले के नागरिकों को राजधानी का सफर तय करने के लिए जेब ढीली करनी पड़ रही है। इससे बचने के लिए कई लोग गांव के रास्ते से गुजर रहे हैं जिससे गांव के लोगों की चिंता बढ़ गई है। सोमवार को अटंग के ग्रामीणों ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर आवाजाही पर रोक लगाने ज्ञापन सौंपा है।

ज्ञापन सौंपने पहुंचे ग्रामीणों ने बताया कि टोल नाका में शुल्क से बचने के लिए हल्के चारपहिया वाहन एवं भारी वाहन हाइवा ट्रेलर गांव के रास्ते से गुजर रहे हैं। इससे हर पल जन हानि एवं अप्रिय घटना की आशंका बनी रहती है। इससे आसपास के गांव वाले भी परेशान हैं। शासन-प्रशासन इस पर जल्द ही लगाम लगाएं नहीं तो ग्रामीण वाहन रोककर प्रदर्शन करने बाध्य होंगे।

# सूचना के अधिकार की अवहेलना तत्कालीन जनपद सीईओ पर 50 हजार का लगा जुर्माना




हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंवरी

शासन द्वारा नागरिकों को जागरूक करने कई कानून लागू किए गए हैं। इनमें से एक प्रमुख कानून है सूचना का अधिकार अधिनियम। इससे कोई भी व्यक्ति कोई भी जानकारी सरकारी दफ्तरों से प्राप्त कर सकता है परंतु अधिकारी नियमों की अवेहलना करने से अभी भी बाज नहीं आ रहे हैं। ऐसा ही मामला जनपद पंचायत कुरुद का है। सामाजिक कार्यकर्ता परमानंद कुर्रे ग्राम खपरी बंगोली ने 19 अप्रैल 2021 व 27 अप्रैल 2021 को जनसूचना अधिकारी व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कुरूद से सूचना के अधिकार के तहत ग्राम पंचायत चोरभट्ठी में पदस्थ रोजगार सहायक उत्तम कुमार पटेल एवं मोंगरा की रोजगार सहायिका श्रीमती महेश्वरी पति आत्माराम ध्रुव की नियुक्ति के संबंध में जानकारी मांगी थी परंतु जन सूचना अधिकारी जनपद पंचायत कुरूद द्वारा दोनों की नियुक्ति के संबंध में कोई भी जानकारी नहीं दी गई। इसके बाद प्रथम अपील अधिकारी जिला पंचायत धमतरी में प्रथम अपील आवेदन प्रस्तुत किया गया चाही गई जानकारी प्राप्त नहीं होने पर परमानन्द कुर्रे ने राज्य सूचना आयोग में द्वितीय अपील की जिसमें मुख्य कार्यपालन अधिकारी एसएन वर्मा ने राज्य सूचना आयोग को शपथ पत्र में कार्यालय में दस्तावेज उपलब्ध नहीं होने की जानकारी दी।



राज्य सूचना आयोग द्वारा तत्कालीन मुख्य कार्यपालन अधिकारी एसएन वर्मा जनपद पंचायत कुरूद एवं वर्तमान में पदस्थ मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत गरियाबंद को राज्य सूचना आयोग द्वारा शपथ पत्र में कौन सा दस्तावेज कार्यालय में उपलब्ध नहीं है, यह स्पष्ट नहीं होने एवं सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 की अज्ञानता व अवेहलना करने पर दोनों आवेदन में अलग-अलग 25-25 हजार जुर्माना लगाकर उनके वेतन से कटौती कर शासन के कोष में चालान के माध्यम से जमा करने एवं चालान की प्रति आयोग को प्रेषित करने हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत धमतरी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत गरियाबंद को आदेश का पालन करने हेतु पत्र जारी किया गया है।

### बिरगुड़ी परिक्षेत्र के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने ली शपथ

**नगरी।** परिक्षेत्र बिरगुड़ी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष भूपत साहू उपाध्यक्ष ईन्दल साहू सचिव यादवेन्द्र साहू कोषाध्यक्ष कृष्ण कुमार साहू महासभा सदस्य शकुन्तला साहू राधा बाई साहू उपाध्यक्ष ललिता देवी हंडूराम, श्यामलाल, खम्मन लाल व्यापारी, कर्मचारी, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष नीरज कुमार, टुकेश्वर महिला प्रकोष्ठ परिक्षेत्रीय सदस्य पामेन्द्र कुमार साहू, राकेश कुमार एवं समस्त नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को कौशल देवी साहू ने शपथ ग्रहण कराया। निवृतमान पदाधिकारियों को प्रशस्ति पत्र फल भेंट कर सम्मानित कर बिदाई दी गई।

//आम सूचना//

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि रविन्द्र सरीन पिता श्री बी.एल. सरीन, निवासी शंकरनगर खम्हारडीह रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि ग्राम पचेड़ा, प.ह.नं. 17, रा.नि.मं. खम्हरिया, तहसील बागबाहरा, जिला महासमुंद (छ.ग.) में स्थित भूमि खसरा नंबर क्रमशः 236/1, 235/1, 235/2, 235/3, 236/2, 236/3, 237, 240, 241, 242, 251, 252, 253/1, 253/2 रकबा क्रमशः 1.03, 0.82, 0.42, 0.42, 0.40, 0.63. 0.85, 1.51, 1.57, 1.63, 0.28, 0.34, 0.32 एवं 0. 30 हे. कुल खसरा नंबर 14 कुल रकबा 10.52 हे. है तथा ग्राम मामा भांचा, प.ह.नं. 604, रा.नि.मं. खम्हरिया, तहसील बागबाहरा, जिला महासमुन्द (छ.ग.) में खसरा नंबर क्रमशः 403/2, 404/4, 402/2, 444/3 रकबा क्रमशः 0.20. 0.28, 0.09 एवं 0.02 हे. कुल खसरा नंबर 04 कुल रकबा 0.59 हे. है एवं श्रीमती नीलम सरीन पति रविन्द्र सरीन, निवासी शंकरनगर खम्हारडीह रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) के व्दारा उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि ग्राम पचेड़ा, प.ह.नं. 17, रा.नि.मं. खम्हरिया, तहसील बागबाहरा, जिला महासमुन्द (छ.ग.) में स्थित भूमि खसरा नंबर क्रमशः 244, 246, 247, 249, 291 तथा 292 रकबा क्रमशः 1.02, 0.80. 1.04, 0.87, 0.39 एवं 0.80 कुल खसरा नंबर 06 कुल रकबा 4.92 हे. को मेरे पक्षकारगण को विक्रय करने का सौदा कर अग्रिम राशि प्राप्त कर लिये है उक्त भूमि का विक्रय पत्र का पंजीयन होना शेष है। उपरोक्त ग्राम पचेड़ा एवं मामाभांचा में स्थित भूमि के स्वामित्व एवं आधिपत्य के संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, सोसायटी को कोई दावा या आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन की तिथि से 7 दिवस के अंदर मय दस्तावेज मेरे कार्यालय में लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात की गई आपत्ति निष्प्रभावी होगी तथा मेरे पक्षकार पर बंधकारी नहीं होगी। मेरे पक्षकार के व्दारा उपरोक्त भूमि का पंजीयन करा लिया जावेगा।

सूचना ज्ञात हो।

स्थानः महासमुंद दिनांक 11/06/2024

नूतन कुमार साहू
अधिवक्ता, जिला महासमुंद
निवास ग्राम बरोंडाबाजार कार्यालय- वार्ड नं. 28
बी.टी.आई. रोड महासमुन्द, जिला महासमुन्द (छ.ग.)
मोबा.नं. 94242-19189

# क्षेत्र के किसानों को दिए तकनीकी खेती के टिप्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

**कृषि विज्ञान केंद्र में मनाया गया समृद्ध किसान उत्सव**





किसानों को तकनीक का प्रयोग करते हुए उन्नत खेती करने के लिए टिप्स देते हुए कृषि विशेषज्ञों ने फसल चक्र परिवर्तन का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जमीन की उर्वरता बचानी है तो अत्यधिक रसायनों के प्रयोग से तौबा करनी होगी।

कृषि विज्ञान केन्द्र धमतरी तथा कृषि जागरण के संयुक्त तत्वावधान में कृषि विज्ञान केंद्र में मंगलवार को समृध्द किसान उत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि जनपद सदस्य श्रीमती पूर्णिमा बनपेला थीं। उन्होंने कहा कि उन्नत किस्म के बीज एवं पौध सामग्री का उपयोग करने चाहिए। अध्यक्षता कर रहे सेहराडबरी सरपंच किसन नेताम ने जल-जगार एवं स्वच्छता तथा मंडी के पूर्व अध्यक्ष नीलम चन्द्राकर ने दलहन तथा तिलहन फसल पर जोर दिया। इंजीनियर अमित कुमार सिन्हा ने उन्नत कृषि यंत्रों की जानकारी दी। कृषि वैज्ञानिक डॉ शक्ति वर्मा ने व्याधियों के विषय में जानकारी दी। वैज्ञानिक मनीषा खापर्डे ने मछली पालन एवं मुर्गी पालन को लेकर टिप्स दिए। वैज्ञानिक प्रेमलाल साहू ने प्राकृतिक खेती विषय में जानकारी दी।

वैज्ञानिक डॉ दीपिका चन्द्रवंशी ने उद्यानिकी फसलों पर संक्षिप्त जानकारी दी। सहायक संचालक उद्यानिकी दिलीप सिंग कुशवाहा ने विभागीय योजनाओं एवं सब्जी उत्पादन की जानकारी दी। महिंद्रा ट्रेक्टर के सीनियर एरिया मैनेजर रमाकांत द्विवेदी ने ट्रैक्टर्स के उपयोग एवं रखरखाव की जानकारी दी। अनूप श्रीवास ने हार्वेस्टर के उपयोग तथा रखरखाव के विषय में विस्तारपूर्वक बताया। कृषि जागरण के एडिटोरियल हेड विवेक कुमार राय ने कई उपयोगी जानकारी किसानों के साथ साझा की। भोलाराम चन्द्राकर ने सिघाड़ा उत्पादन, गेमन चन्द्राकर ने ढेंस उत्पादन की जानकारी दी। इस दौरान घेगन पटेल, हरिओम साहू, गोवर्धन सिन्हा, निर्मल साहू, राधेश्याम साहू, ताराचंद साहू, योगेश्वरी देवांगन, अनूप देवांगन, महेन्द्र धीवर, हरिश्चन्द्र साहू, पोखन साहू, सखाराम साहू, कमल सिंह, हंसराज साहू, रमन साहू, वीरसिंग सोरी, रूपराम साहू, भरत चन्द्राकर, सगनू राम साहू, विमला बाई, हीरालाल उपस्थित थे।

तापमान
अधिकतम 41.2 डिग्री
न्यूनतम 29.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, बुधवार 12 जून 2024

[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]

12 दुर्ग के आशुतोष व रायपुर की तनिषा को ...



12 राजपूत क्षत्रिय चौहान महासभा ने मनाया सम्मान ...



## खबर संक्षेप

### बाइक ने कार को मारी टक्कर

**महासमुंद।** तहसील ऑफिस के पास एक कार को बाइक ने टक्कर मार दिया। प्रार्थी मनजीत सिंह कौशल पिता जेधिया कौशल (71) ने पुलिस को बताया कि बाइक सीजी 06 एचए 0752 के चालक ने अपने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उसकी कार को टक्कर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 279, 337 के अंतर्गत जुर्म दर्ज किया है।

### शराब की अवैध बिक्री दो के खिलाफ कार्रवाई

**महासमुंद।** बसना पुलिस ने ग्राम पंडरीपानी में शराब की अवैध बिक्री के मामले में दो लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने आरोपियों गनपत बरिहा पिता तिहारू बरिहा (40 साल) और नम्मु लाल यादव पिता स्व. बैसाखू यादव (50 साल) निवासी पंडरीपानी बसना के कब्जे से क्रमशः 3000 एमएल व 4000 एमएल शराब कुल 1400 रुपए की शराब जब्त की है। आरोपियों के खिलाफ धारा 34 (1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### 45 हजार का गांजा जब्त

**महासमुंद।** ग्राम रेहटीखोल में सिंघोड़ा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 3 किलो गांजा जब्त किया है। मामले में आरोपी के खिलाफ नारकोटिक एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया गया। एनएच 53 रेहटीखोल में पुलिस ने प्रशांत सुल्तानिया पिता देवनारायण (37 साल) निवासी वार्ड 12 भोजपुर चांपा के कब्जे से तीन किलो गांजा कीमत 45000 रुपए, एक बाइक कीमत 60000 रुपए, एक मोबाइल कीमत 10000 रुपए और नगद 1200 रुपए जब्त किया गया। आरोपी के खिलाफ धारा 20 बी नारकोटिक एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

# कार्य निरस्त होने के बावजूद निकाली राशि, अब लौटाने में लापरवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्वीकृत कार्यों के निरस्त हो जाने के बावजूद पंचायत को मिली राशि नियमविरुद्ध आहरित किए जाने के मामले में जनपद सीईओ ने पंचायत गढ़सिवनी के सरपंच को 7 दिन के भीतर राशि जमा करने का नोटिस जारी किया। लेकिन, पखवाड़े भर बाद भी न तो रकम लौटाई गई न ही नोटिस के अनुसार वसूली के लिए प्रकरण तैयार हो पाया है।

उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत गढ़सिवनी में विभिन्न स्वीकृत कार्यों के लिए प्रथम किश्त की राशि कार्यों के निरस्त हो जाने के बाद भी आहरित की गई। बता दें कि वर्ष 2018 में मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना अंतर्गत सीसी रोड निर्माण का कार्य स्वीकृत हुआ जिसकी प्रथम किस्त की राशि कुल 3.12 लाख ग्राम पंचायत को प्रदान की गई थी। उक्त कार्य निरस्त होने के कारण प्रथम किश्त की राशि को लौटाए जाने के लिए बार-बार निर्देश दिए जाने के बाद भी जमा नही की गई जिसके बाद जिला पंचातय के पत्र का हवाला देते हुए जनपद सीईओ द्वारा राशि लौटाने नोटिस जारी किया गया है। बता दें कि स्वीकृत कार्य निरस्त होने के बावजूद तकरीबन पौने 5 लाख रुपए राशि आहरित की गई। इसे नियम विरुध्द बताते हुए जनपद सीईओ द्वारा 28 मई को जारी आदेश के अनुसार 7 दिन के भीतर राशि लौटाने कहा गया था लेकिन, आज पखवाड़े भर बाद भी राशि नहीं लौटाई गई है। वहीं जनपद सीईओ ने नोटिस में स्वीकृत निर्माण कार्य पूर्व में ही निरस्त होने के बावजूद भी तात्कालीन सरपंच द्वारा निरस्त कार्य का राशि का आहरण किया जाना को नियम विपरीत बताया है।

## मामला ग्राम पंचायत गढ़सिवनी का, सीईओ के निर्देश के बावजूद जमा नहीं की राशि

### इतनी राशि निकाली गई

मिली जानकारी के अनुसार कार्यालय जनपद पंचायत महासमुन्द के पत्र क्रमांक/4542/ज।पं।/ निर्माण/2024 द्वारा 18।03।2024 द्वारा राशि जमा नहीं करने के संबंध में प्रस्तुत सचिव द्वारा प्रस्तुत जवाब में बताया गया कि तात्कालीन सरपंच ऐश्वर्य लक्ष्मी साहू द्वारा उक्त स्वीकृत निर्माण कार्य की राशि का आहरण 13।11।2018 को 68000।00, 07।11।2018 को 36000।00, 28।01।2019 को 67000।00, 18।02।2019 को 104000।00, 12।03।2019 को 169500।00 तथा 12।03।2019 को 30000।00 कुल राशि 474500।00 का आहरण किया गया।


कार्यालय जिला पंचायत, महासमुन्द (छ.ग.)

### यह कहा गया है नोटिस में

जनपद पंचायत के सीईओ ग्राम पंचायत गढ़सिवनी के तात्कालीन सरपंच ऐश्वर्य लक्ष्मी साहू को जारी नोटिस में कहा है कि 07 दिवस के भीतर राशि जमा करना सुनिश्चित करें, अन्यथा कि स्थिति में विरूध्द वसूली की कार्यवाही के लिए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 92 के तहत वसूली हेतु प्रकरण भेजा जाएगा। उक्त कार्रवाई के संबंध में कलेक्टर, जनपद तथा जिला पंचायत के सीईओ को भी जानकारी दी गई है।

**मांग :** मामले में जांच की मांग के साथ अतिक्रमण हटाए जाने के लिए भी की मांग

# हत्याकांड में और लोगों के शामिल होने की जताई आशंका, घेरा कलेक्टोरेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- नांदगांव के ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट व एसपी ऑफिस का घेराव किया और जमकर नारेबाजी की

जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम नांदगांव में दो माह पहले हुए पूनम हत्याकांड में एक से अधिक लोगों के शामिल होने की आशंका जताते हुए नांदगांव के ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट व एसपी ऑफिस का घेराव किया और जमकर नारेबाजी की। इस दौरान ग्रामीणों ने स्कूल की जमीन पर पर अवैध अतिक्रमण हटाने को लेकर भी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

ग्रामीणों ने बताया कि नांदगांव में 18 मार्च 2024 को पूनम पटेल की हत्या कर दी गई, इसमें एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। ग्रामीणों व मृतक के पिता ने बताया कि ग्राम के तालाब के बीच मे बॉडी मिली थी। इस हत्या में गांव के ही प्रेम जांगड़े ने अपराध करना स्वीकार किया था, लेकिन इस हत्या में एक से ज्यादा लोग हो सकते हैं। एक व्यक्ति के द्वारा बॉडी को इतनी दूर तक लेकर जाना असंभव है। जब दुकान से डिस्पोजल लिया गया था, तब उसकी संख्या भी ज्यादा थी। ग्रामीणों ने बताया कि आरोपी के द्वारा अन्य आरोपियों को बचाने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस को इसमें फिर से पड़ताल करने की मांग की गई है।



### अपराध में संलिप्त लोग भी दंडित हो: पटेल

पटेल समाज के पवन पटेल ने बताया कि अतिक्रमण के मामले में कलेक्टर से मुलाकात हुई जिसपर उन्होनें कार्रवाई का आश्वासन दिया है। हत्या के मामले की फिर से जांच की जानी चाहिए। अपराध में संलिप्त लोगों को दंड दिया जाना चाहिए।

### जमीन से कब्जा नहीं हटाया

ग्रामीणों ने कहा कि स्कूल की भूमि पर आरोपी के द्वारा अवैध अतिक्रमण किया गया था, लेकिन अतिक्रमण पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। कलेक्टर से ग्रामीणों ने अवैध कब्जा को शीघ्र हटाने की मांग की है। ग्रामीणां ने कहा कि अवैध कब्जा नहीं हटाने पर उग्र आंदोलन किया जाएगा। अतिक्रमण को लेकर गांव में आक्रोश देखा जा रहा है। हत्या के आरोपी प्रेम जांगड़े ने ही जमीन पर कब्जा किया था।

### गांव की अन्य भूमि पर भी अतिक्रमण

ग्रामीणों ने बताया कि गांव में अन्य शासकीय जमीनों पर भी अतिक्रमण हो रहा है, विभाग के द्वारा अतिक्रमण पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। इस अवसर पर ग्राम के ग्रामीण व पूर्व नपाध्यक्ष व भाजपा नेता पवन पटेल, प्रेम, हरिराम बघेल आदि बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने आंदोलन में शामिल हुए। मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी गई है।

# पोल्ट्री फार्म का विरोध, अब सड़क पर उतरेंगे नवापारा के ग्रामीण भी




हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- 18 को चक्काजाम करने की दी चेतावनी, कलेक्टर-एसपी को सौंपा पत्र
- जांच के बाद भी किसी प्रकार की ठोस कार्रवाई नहीं होने से ग्रामीणों में आक्रोश

पोल्ट्री फार्म के विरोध में ग्राम नवापारा के ग्रामीण सड़क पर उतरने को मजबूर है। जांच के बाद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से आक्रोशित ग्रामीणों ने 18 जून को सुबह 11 बजे महासमुंद से तुमगांव मार्ग ग्राम नवापारा (परसदा) मोड़ पर चक्काजाम करने की चेतावनी दी है। इसकी लिखित सूचना ग्रामीणों ने कलेक्टर और एसपी को दे दी है। सौंपे गए ज्ञापन में ग्रामीणों ने कहा है कि ग्राम पंचायत परसदा ब के आश्रित ग्राम नवापारा में पोल्ट्री फार्म व्यवसाय के लिए पंचायत प्रस्ताव क्रमांक 04 निरस्त कराने अनेक गुहार लगा चुके हैं। यह पोल्ट्री फार्म गांव के स्कूल, आंगनबाड़ी एवं आबादी क्षेत्र में है। पोल्ट्री फार्म से उठ रही दुर्गंध व गंदगी, मक्खियों से परेशानी बढ़ गई है। शिकायत के बाद जांच में पहुंचे तहसीलदार ने भी अपने पंचनामा रिपोर्ट में सही पाया लिखा गया है। किंतु, गंभीरता से अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। इससे ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन को आवेदन सौंपकर जांच ठोस कार्रवाई की मांग की है। अन्यथा की स्थिति में 18 जून सुबह 11 महासमुंद से तुमगांव रोड ग्राम पंचायत परसदा-ब ग्राम नवापारा पहुंच मार्ग (तिग्गा रोड) स्थल पर वाहन रोको आंदोलन की चेतावनी है। इसकी समस्त जवाबदारी शासन-प्रशासन की होगी।

### आबादी क्षेत्र में खोल दिए पोल्ट्री फार्म

ग्रामीणों ने बताया कि आबादी क्षेत्र में पोल्ट्री फार्म संचालन किया जा रहा है। पोल्ट्री फॉर्म आंगनबाड़ी नवापारा से 170 मीटर एवं शासकीय प्राथमिक शाला नवापारा से 172 मीटर की दूरी पर स्थित है। पोल्ट्री फॉर्म ग्राम नवापारा बस्ती से 350 की दूरी पर स्थित है, जो जांच में उल्लेखित है। पोल्ट्री फार्म के कारण गांव में बदबू व मक्खियां भी बढ़ती जा रही है। इससे ग्रामीण परेशान है।

## तस्वीरों से हटाए गए कपड़े...




**महासमुंद।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए आचार संहिता लागू होने के साथ ही शहर के विभिन्न स्वागत द्वारों और स्थानों में लगी जनप्रतिनिधियों क तस्वीरों को पालिका द्वारा ढंका गया था। केंद्र में नई सरकार के गठन के साथ ही आचार संहिता शिथिल हुई और पालिका द्वारा तत्काल इन तस्वीरों से कपड़े हटाए जाने का कार्य किया गया। अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग ने बताया कि आचार संहिता के चलते शहर हित में निर्णय लेने से रह गए कार्यों को तत्काल अमलीजामा पहनाने का कार्य गति पर है।

### तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से स्कूटी सवार लड़की घायल

**महासमुंद।** नगर के बीटीआई रोड स्थित एक मॉल के सामने स्कूटी को तेज रफ्तार बाइक ने ठोकर मार दिया। घटना में स्कूटी सवार युवती घायल हो गई। पुलिस ने आरोपी बाइक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पुलिस से दर्ज कराई गई शिकायत में चांदनी साहू पिता रघुबरराम साहू निवासी वार्ड नं 29 शास्त्री चौक भलेसर रोड महासमुंद ने बताया कि 8 जून को मै अपने स्कूटी क्रमांक सीजी 04 एमआर 6090 से अपनी बडी बहन बैजंती साहू के साथ मौहारीभाठा से निजी काम के बाद वापस अपने घर लौट रही थी। सुबह करीब 10।30 से 11बजे के बीच जैसे ही वह बीटीआई रोड स्थित विशाल मेगामार्ट के पास पहुंची तभी बरोंडा चौक की ओर से एक मोटर सायकल सीजी 04 केपी 0967 के चालक ने विपरीत दिशा में तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए सामने से बाइक को लाकर मेरे स्कूटी को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। बाइक की टक्कर से दोनों स्कूटी सहित रोड पर गिर गए। एक्सीडेंट से मेरे दोनों पैर, सिर, हाथ, कंधे में चोट आई है। महासमुंद थाने में युवती की रिपोर्ट पर आरोपी बाइक चालक के खिलाफ धारा 279, 337 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है।

# पोल्ट्री फार्म में सोए युवक और उसकी मां से मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

खदरही नवाडीह के पोल्ट्री फार्म में सो रहे लड़के के साथ देर रात दो लोगों द्वारा मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। इस घटना को लेकर लड़के के पिता ने बागबाहरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस को शोभाराम साहू पिता रत्थूराम साहू ने बताया कि वह चुरूपाली थाना तेंदूकोना का रहने वाला हूं और गुप्ता पोल्ट्री फार्म खदरही नवाडीह में अपने परिवार के साथ रह कर देखरेख का काम करता है। 9 जून को खाना खाने के बाद मैं और मेरी पत्नी अपने कमरे में सोने चले गये, बाहर पुत्र दिनेश साहू मोबाइल पर ग्राम कौंसरा के लेखराज साहू बात कर रहा था। इसके बाद रात करीबन 1 बजे पोल्ट्री फार्म के बाहर से आवाज देकर दरवाजा को खटखटाने पर उठकर देखा तो रिश्तेदार लेखराज साहू अपने दोस्त के साथ बाहर खड़ा था।

पूछने पर दरवाजा खोलने कहा और दिनेश से मिल कर जाना है। इसके बाद लेखराज ने अंदर आकर कमरे में सो रहे मेरे पुत्र को उठाया और उससे गाली गलौज करते हुए हाथ मुक्का एवं डंडा से मारपीट करने लगा, जिसे देख मैं और पत्नी पार्वती साहू बीच बचाव करने लगे, इसके बाद मेरी पत्नी पार्वती साहू मारपीट करता देख कर गांव के तरफ गई। उनके पीछे मैंने भी गांव में जाकर तुलश पांड़े को घटना की जानकारी दी और वापस पोल्ट्री फार्म आया तो लेखराज साहू मेरे लड़के से मारपीट कर उसके मोबाइल को तोड़फोड़ कर भाग गया था।

इस मारपीट से मेरे पुत्र दिनेश साहू के चेहरे, दाहिने हाथ, दाहिने कंधे, दांये पैर व मेरी पत्नी के बाएं भुजा एवं दोनों कंध में चोट आई है। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 34, 427, 452 के तहत अपराध दर्ज किया है।



### मौसम का मिजाज बदला, शाम को बूंदाबांदी ने दी गर्मी से राहत

**महासमुंद।** नगर में मौसम ने एक बार फिर करवट बदली है। मंगलवार शाम को हुई बारिश ने लोगों को गर्मी से कुछ राहत दी है। वैसे सुबह से ही लोग तेज गर्मी से जूझते रहे। लेकिन, दोपहर बाद शहर में बारिश हुई। मौसम विभाग की माने तो शाम से रात तक प्रदेश के 6 जिलों में बारिश को लेकर अलर्ट भी जारी कर दिया गया है। छत्तीसगढ़ मौसम विभाग ने प्रदेश में अगले 3 घंटे के लिए अलर्ट जारी कर दिया है। मौसम विभाग के मुताबिक जिला समेत रायपुर, बलौदा बाजार, दुर्ग, गरियाबंद जिले में गरज चमक के साथ बारिश होने की संभावना जताई जा रही है।

**जिले के बागबाहरा क्षेत्र के ग्राम हरनादादर का मामला, तकादे से परेशान था अधेड़**

# कर्ज और ब्याज में मकान चले जाने के तनाव में आदिवासी ने की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के बागबाहरा क्षेत्र के ग्राम हरनादादर में कर्ज से परेशान आदिवासी अधेड़ ने रविवार को सुबह जहर सेवन कर लिया। परिजनों के अनुसार गांव के ही उमेश साहू से उसने कुछ समय पहले तकरीबन 30 हजार रुपए कर्ज लिया था। जिसका ब्याज सहित तकरीबन 50 हजार रुपए की राशि के तकादे से आदिवासी अधेड़ परेशान था।

मामले में सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार साहूकार द्वारा घटना से कुछ दिन पहले बागबाहरा में दोनों पक्षों के बीच नोटरी दस्तावेज भी तैयार हुए हैं। जो अब तक सामने नहीं आए हैं। सूत्र बताते हैं कि दस्तावेज बनने के बाद ही बलिराम अपनी पत्नी के साथ किराए के मकान में शिफ्ट हो गया था। और अपना मकान खो देने के तनाव में आदिवासी अधेड़ ने जहर सेवन कर जान दे दी। पुलिस को मामले की जांच में इन बिंदुओं पर भी छानबीन करनी होगी।

बता दें कि ग्राम हरनादादर में कर्ज से परेशान चल रहे एक 60 वर्षीय आदिवासी बलिराम ने कीटनाशक दवा पी ली जिसके बाद उसे जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया जहां उसकी मौत हो गई। रविवार शाम को हुई मौत के बाद कोतवाली थाना में मर्ग कायम किया गया बागबाहरा पुलिस की मानें तो डायरी आने के बाद ही विवेचना होगी।

सोमवार को मृतक का अंतिम संस्कार हरना दादर में किया गया। कीटनाशक सेवन करने की घटना रविवार सुबह की है।



बलिराम पिता डेरहा खड़िया ने 505 नामक कीटनाशक दवा का सेवन कर लिया था। परिजनों द्वारा उसे स्थानीय शास अस्पताल में उपचार हेतु लाया गया। यहां से प्राथमिक उपचार हेतु महासमुंद जिला अस्पताल रेफर किया गया। उसके पुत्र गोविंद ने बताया कि जिला अस्पताल ले जाने के लगभग डेढ़ घण्टे बाद उसके पिता की मौत हो गयी। पीएम के बाद सोमवार को हरनादादर में अंतिम संस्कार किया गया। मृतक बलिराम के परिवार में एक पुत्र, एक पुत्री है।

विवाह हो चुका है। गांव में बलिराम एवं उसका पुत्र गोविंद अपने परिवार के साथ अलग-अलग रहते हैं। बलिराम के नाम लगभग डेढ़ एकड़ आसपास वन भूमि का पट्टा है। जिसमें वह खेती किसानी करता था। उसके बारे में पुत्र को कोई जानकारी नहीं है। क्योंकि, सारा काम उसका पिता ही देखता था। मृतक की पत्नी जानकी बाई ने बताया कि उसके पति ने गाँव के ही एक व्यक्ति से कर्ज लिया था। वह कुछ समय से पैसा लौटाने के लिए दबाव डालने रोज सुबह- शाम तकादा करने घर आता था।

### मकान छोड़कर किराए में रह रहा था मृतक

पुत्र गोविंद ने बताया कि 5 जून को पति-पत्नी दोनों अपना मकान छोड़कर दूर सड़क पारा के एक मकान को किराये पर लेकर वहां रहने चले गए थे। अभी आधा सामान उसके मूल घर में ही पड़ा है। और 10 जून की सुबह उसने कीटनाशक का सेवन कर लिया। पुत्र ने बताया कि पिता ने लगभग तीन साल पहले कर्ज क्यों लिया, उसे इसकी जानकारी नहीं है। लेकिन, 30 हजार का कर्ज ब्याज समेत पचास हजार हो जाने की जानकारी मिली है। परिजनों के अनुसार वह कर्ज को लेकर तनाव में रहता था। गांव के सरपंच हरकेश चंद्राकर ने बताया कि मैंने भी सुना है कि कर्ज को लेकर वह तनाव में रहता था।

हरिभूमि
पाठक सूचना
महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9981131365, 9098324969

## खबर संक्षेप



### पंडरीपानी में निर्माणधीन वैष्णो देवी मंदिर में गुंबद भराई अनुष्ठान 16 को

**नर्रा।** बागबाहरा विकासखंड के अंतिम छोर ओडिशा सीमा से लगे ग्राम पंडरीपानी के पर्रापाठ पहाड़ी पर मां वैष्णो देवी की मंदिर भव्य रूप से निर्माण किया जा रहा है। ज्ञात हो कि 16 जून रविवार को गंगा दशहरा पर निर्माणाधीन वैष्णो देवी मंदिर का गुंबद भराई का अनुष्ठान प्रातः 7 बजे से पूजा अर्चन के पश्चात प्रसादी वितरण होगा। श्रद्धालुओं के मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी भूले बिसरे नाच पार्टी मोंगरापाली स तेंदूकोना का कार्यक्रम होगा। इस निर्माणाधीन वैष्णो देवी मंदिर की गुंबद भराई अनुष्ठान में क्षेत्र के श्रद्धालुगण बड़ी संख्या में पहुंचकर भागीदारी बनने की अपील की है।

### कार्य विभाजन आदेश में आंशिक संशोधन

**महासमुंद।** प्रशासकीय दृष्टिकोण से शासकीय कार्यां के सुचारू संपादन को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर प्रभात मलिक ने पूर्व में अधिकारियों के मध्य किए गए कार्य विभाजन आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए अधिकारियों को दायित्व सौंपा है। कलेक्टर मलिक ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पिथौरा मनोज कुमार खांडे को डिप्टी कलेक्टर महासमुंद का दायित्व सौंपा है। इसी तरह डिप्टी कलेक्टर हरिशंकर पैकरा को अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पिथौरा का नवीन प्रभार सौंपा गया है।

### श्रीमद भागवत कथा कल से

**महासमुंद।** स्थानीय बीटीआई रोड में 13 जून से 20 जून तक श्रीमद भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया है। कथावाचक पं शंकु स्वामी नुआपाड़ा ओडिशा होंगे। आयोजक चिंताराम देवांगन, गायत्री देवांगन, अनिता-प्रदीप देवांगन एवं सोनाली मधुराज देवांगन ने श्रद्धालुओं को बड़ी संख्या में कथा श्रवण करने का अनुरोध किया है।

## आयोजन: शतरंज चयन स्पर्धा का पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह हुआ

# दुर्ग के आशुतोष व रायपुर की तनिषा को मिला राज्य चैंपियन का खिताब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- प्रतिभावान शतरंज खिलाड़ी को आगे बढ़ने में आर्थिक स्थिति नहीं बनेगी बाधा : डा संपत

किसी भी प्रतिभावान शतरंज खिलाड़ी को आगे बढ़ने में कभी भी उनकी आर्थिक स्थिति बाधा नहीं बनेगी। हमारी नीलांचल सेवा समिति उन्हें आर्थिक सहायता प्रदान कर आगे बढ़ाने भरसक प्रयास करेगी। खिलाड़ी केवल अपने खेल पर ध्यान केंद्रित करें। उक्त बातें विधायक डॉ संपत अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कही।




विधायक अग्रवाल पिथौरा में आयोजित चार दिवसीय छत्तीसगढ़ राज्य सीनियर महिला-पुरुष फीडे रेटिंग शतरंज चयन स्पर्धा के पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पधारे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भूतपूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष सतपाल सिंह छाबड़ा ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक प्रतिनिधि अनूप अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष नरेश सिंघल, स्वप्निल तिवारी, छबीराम रात्रे, रविंदर आजमानी, जाकिर कुरैशी, राज्य शतरंज संघ के सचिव एवं टूर्नामेंट डायरेक्टर हेमंत खुटे व जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष डॉ डीएन साहू मंचासीन थे। विशिष्ट अतिथि नरेश सिंघल ने विजेता खिलाड़ियों तथा आयोजन समिति को प्रतियोगिता के कुशल संचालन व बेहतरीन मैनेजमेंट के लिए बधाई दी। विशिष्ट अतिथि स्वप्निल तिवारी ने जिला शतरंज संघ के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि महासमुंद जिला में विगत कई वर्षों से शतरंज के राज्य स्तरीय आयोजन होता आ रहा है। जिसके चलते शतरंज के क्षेत्र में जिले की एक विशिष्ट पहचान प्रदेश में बनी है। उन्होंने राज्य सचिव हेमंत खुटे को पूरे प्रदेश में शतरंज खेल को बढ़ावा देने तथा उनके द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सतपाल सिंह छाबड़ा ने कहा कि शतरंज दिमागी खेल है। इसे खेलने से आईक्यू लेवल बढ़ता है तथा सोचने समझने की क्षमता का विकास होता है, इसलिए शतरंज खेल को ज्यादा से ज्यादा बढ़ावा देना चाहिए।

उल्लेखनीय है कि इस स्पर्धा में विजेता खिलाड़ियों के लिए कुल 91 हजार की नगद राशि पुरस्कार स्वरूप रखा गया था। विश्व शतरंज महासंघ व अखिल भारतीय शतरंज महासंघ ने इस स्पर्धा को अंतरराष्ट्रीय मान्यता प्रदान की गई थी। ख

ि़लाड़ी को फीडे रेटिंग स्पर्धा के आधार पर ही उनके बेस्ट परफॉर्मेंस के लिए इंटरनेशनल रेटिंग दी जाती है। ज्ञात हो कि यह आयोजन अखिल भारतीय शतरंज महासंघ के निर्देशन व छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के मार्गदर्शन तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ शासन के विशेष सहयोग से जिला शतरंज संघ महासमुंद द्वारा संपन्न कराया गया। इस दोनों कैटेगरी के टॉप 4-टॉप 4 खिलाड़ी राष्ट्रीय चयन स्पर्धा में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। अंतर्राष्ट्रीय निर्णायक अनीश अंसारी ने प्रतियोगिता में चीफ आर्बिटर के दायित्व का निर्वहन किया।

### स्पर्धा में मेन प्राइज के तहत टॉप 10 खिलाड़ियों को नगद राशि व ट्रॉफी दी गई

स्पर्धा में पहला आशुतोष बैनर्जी दुर्ग (8 अंक), दूसरा स्पर्श खंडेलवाल राजनांदगांव (7.5 अंक), तीसरा शुभम सिंह रायगढ़ (7.5 अंक), चौथा यशद बांबेश्वर दुर्ग (7 अंक ), पांचवा शेख इद्दू दुर्ग (7 अंक), छटवां रोहित साहू बलौदाबाजार (7 अंक), सातवां गगन साहू रायगढ़ (7 अंक), आठवां रूपेश कुमार मिश्रा बिलासपुर (7 अंक), नौवा राहुल शर्मा दुर्ग (7 अंक), दसवां प्रसन्न शुक्ला बलौदाबाजार (6.5 अंक)। इसी तरह वूमेन कैटेगरी में 8 महिला खिलाड़ियों का पुरस्कृत किया गया। इसमें पहला तनिषा ड्रोलिया रायपुर (6 अंक), दूसरा प्राची यादव रायपुर (5.5 अंक), तीसरा हिमानी देवांगन दुर्ग (5.5 अंक), चौथा चरनजीत कौर दुर्ग (5.5 अंक), पांचवा धारिणी साहू बालोद ( 5.5 अंक) छटवां अदिति बसंत (5 अंक), सांतवा अदिति आदिल्य रायपुर (5 अंक), अद्विका पाण्डेय रायपुर (5 अंक) शामिल है। कार्यक्रम के सातवें, आठवें व नौवे राउंड में गेस्ट ऑफ़ द डे के रूप में क्रमशः प्राचार्य मुकेश डडसेना, मिलेनियर कौशल्या नायक, डॉ पार्वती प्रधान ने अपनी उपस्थिति दी। जिला शतरंज संघ के उपाध्यक्ष संजय श्रीवास्तव व कार्यकारी सदस्य लोकनाथ पटेल व राज्य शतरंज संघ के संयुक्त सचिवद्धय ईश्वर सिंह राजपूत, सुबोध कुमार सिंह ने आयोजन को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। खेल एवं युवा कल्याण विभाग के जिला खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे का कुशल मार्गदर्शन मिला। पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह कार्यक्रम का संचालन संतोष गुप्ता तथा आभार प्रदर्शन टूर्नामेंट डायरेक्टर हेमंत खुटे ने किया।

# आर्यन के साथ ही प्रदेश के अन्य छात्रों को किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

छत्तीसगढ़ सिख समाज द्वारा 80 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले कक्षा 9वीं से 12वीं तक के प्रदेशभर के 215 छात्रों का सम्मान मायाराम सुरजन हाल में किया गया।

प्रदेशभर से आए प्रतिभावान छात्रों के साथ ही सरायपाली के आर्यन सलूजा ने कक्षा 10वीं में 84 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। आर्यन सलूजा सरायपाली जगदीशपुर स्थित सेंट स्टीफेंस मॉडल स्कूल के छात्र है और जिले के पत्रकार रोमी सलूजा व ज्योति सलूजा सरायपाली के पुत्र हैं। आर्यन ने अपनी सफलता का श्रेय अपने पिताजी और माता के अलावा स्कूल के प्राचार्य विजय दास और सभी शिक्षक और स्कूल स्टाफ को दिया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हेमचंद विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. अरुणा पल्टा थीं। विशेष अतिथि सिख पंचायत दुर्ग के अध्यक्ष जसबीर सिंह चहल और पंजाबी सनातन सभा के अध्यक्ष जवाहर खन्ना थे। खन्ना ने बच्चों और उनके अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि जो बच्चे कम अंक लाए हैं वे निराश न हों। अभी उनके लिए और भी अवसर आएंगे। वे और प्रयास करें, सफलता अवश्य मिलेगी। प्रदेश के कई जिलों से पहुंचे विद्यार्थी कार्यक्रम में अंबिकापुर, मनेद्रगढ़, कोरबा, बिलासपुर, कवर्धा, बेमेतरा, डोंगरगढ़, राजनांदगाव, दल्लीराजहरा, जगदलपुर, सराईपाली, बसना, पिथौरा, महासमुंद सहित अन्य जिले के विद्यार्थियों को मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सिख समाज के संयोजक महेंद्र छाबड़ा, सुरेंद्र छाबड़ा, इंद्रजीत सिंह छाबड़ा, तेजिंदर होरा, मंजीत सलूजा, भूपेंद्र मक्कड़, अमरजीत छाबड़ा, डॉ. रोना टुटेजा, अन्नू होरा, मनविंद्र गांधी, रश्मित खुराना मौजूद रहे।

# बलौदाबाजार की घटना साय सरकार की प्रशासनिक निरंकुशता का परिणाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने बलौदा बाजार जिले के गिरौदपुरी में 15 दिन पहले अमर गुफा में असमाजिक तत्वों द्वारा जैतखाम की तोड़फोड़ के बाद जो अप्रिय स्थिति उत्पन्न हुई, उसे प्रदेश सरकार की असंवेदनशीलता व प्रशासनिक निरंकुशता का परिणाम बताया है। चंद्राकर ने कहा कि बार-बार प्रशासन से कार्रवाई की मांग को लेकर समाज द्वारा ज्ञापन सौंपने तथा आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग के बाद भी सरकार द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाना, समाज की भावनाओं को आहत कर उनकी मांगों को दरकिनार करना अप्रिय स्थिति का कारण बना। साय सरकार



की अकर्मण्यता के चलते ही बलौदाबाजार में कानून व्यवस्था बिगड़ी है। यदि समय रहते जैतखाम को क्षति पहुंचाने वालों पर कार्रवाई की गई होती और आहत समाज से संवाद किया गया होता तो ऐसी अप्रिय स्थिति निर्मित नहीं होती। समाज की भावनाओं का सम्मान करते हुए उन्हें आश्वस्त किया गया होता तो आज स्थिति कुछ और होती। चंद्राकर ने कहा कि गिरौदपुरी धाम के समीप मानाकोनी स्थित पुरानी बाघिन गुफा के जैतखाम और सतनामी समाज के पूजा स्थल में तोड़-फोड़ उत्पातियों द्वारा की गई थी। इससे समाज में गहरी नाराजगी है। समाज के लोगों ने पहले भी प्रदर्शन व चक्काजाम कर विरोध प्रदर्शन किया था। इस पूरे घटनाक्रम में प्रशासनिक लापरवाही खुलकर सामने आया है।

समाज की भावनाओं का उपेक्षा कर भाजपा की साय सरकार सत्ता सूख में मस्त हो गए हैं। त्वरित कार्रवाई होती तो यह घटना नहीं होती। छग में साय सरकार आने के बाद से कानून व्यवस्था बेहद खराब हो चुकी है। बाबा गुरु घासीदास के बताए मार्ग पर चलने वाले सतनामी समाज सभ्य व शांति के पक्षधर हैं, इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति ना हो इसके लिए तत्काल जांच कमेटी बनाकर जैतखाम को क्षति पहुंचाने वाले मुख्य आरोपियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई सरकार को करनी चाहिए।

## गढ़सिवनी में कबीर प्राकट्य पर सत्संग समारोह



**महासमुंद।** ग्राम गढ़सिवनी में सदगुरु कबीर साहेब के 626 में प्राकट्य उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर कबीर पंथ के अनुयायियों व ग्रामीणों ने सत्संग का लाभ उठाया। अतिथि के रूप में मौजूद संत अवध साहेब ने कबीर साहेब को अलौकिक जानी बताया। सभी संतों ने सत्संग को ही बेहतर बताया। बिना सत्संग के मानो जीवन का कल्याण नहीं हो सकता। संत टिकेश्वर साहेब व विजेंद्र साहेब ने कबीर साहेब के सिद्धांत पर जोर दिया। इस मौके पर प्रमुख रूप से कबीर आश्रम महासमुंद की व्यवस्थापक जितेंद्र साहेब समेत जीवनलाल, नरोत्तम, प्रदीप, जगदीश, खिलावन व सत्संग प्रेमी मौजूद थे।

# यादव समाज को कैबिनेट में स्थान देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष नरेंद्र कुमार यादव ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को स्मरण पत्र भेज कर आगामी मंत्रिमंडल विस्तार में दुर्ग विधायक गजेंद्र यादव को कैबिनेट मंत्री बनाए जाने की मांग की है। नरेन्द्र कुमार यादव ने मांग पत्र में लिखा है कि रायपुर दक्षिण के कद्दावर विधायक व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के लोकसभा सांसद बनने के कारण उनकी जगह पिछड़ा वर्ग से विधायक गजेंद्र यादव को कैबिनेट मंत्री बनाया जाना आवश्यक है। यादव समाज की 22 लाख आबादी की बहुलता को प्राथमिकता के साथ मंत्रिमंडल में जगह देकर विधायक गजेंद्र यादव को कैबिनेट मंत्री बनाया जाना चाहिए।



वरिष्ठ नेता और छत्तीसगढ़ के आरएसएस प्रमुख बिश्राराम यादव के पुत्र गजेंद्र यादव को कैबिनेट मंत्री बनाए जाने से यादव समाज गौरवान्वित महसूस करेगा। यादव समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष नरेंद्र कुमार यादव ने पत्र में लिखा है कि पिछड़ा वर्ग की आबादी में यादव समाज 22 लाख आबादी के साथ सामाजिक जनगणना में दूसरे स्थान पर होने के बावजूद लोकसभा चुनाव और राज्य सभा चुनाव में टिकट नहीं देना और सत्ता में भागीदारी नहीं मिलना यादव समाज के लिए घोर चिंता का विषय है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से निवेदन करते हुए लिखा गया है कि यादव समाज को मंत्रिमंडल विस्तार में और आयोग, निगम मंडल गठन में सम्मानजनक पद दिया जाना आवश्यक है।

# स्कूल की साफ-सफाई रखरखाव और प्रवेशोत्सव की ली गई जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

## शिक्षा अधिकारियों ने किया शासकीय हाईस्कूल कन्या झलप का निरीक्षण

विकासखंड शिक्षा अधिकारी महासमुंद लीलाधर सिन्हा द्वारा 11 जून 2024 को एफएलएन प्रशिक्षण जोन क्रमांक 3 शासकीय हाईस्कूल कन्या झलप का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में विकासखंड शिक्षा अधिकारी के साथ सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी गजेंद्र कुमार ध्रुव उपस्थित थे।

प्रशिक्षण में उपस्थित समस्त सहायक शिक्षकों एवं प्रधान पाठकों से एफएलएन संबंधी चर्चा कर विद्यालय में शत प्रतिशत लागू करने की बात कही। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा संयुक्त संचालक रायपुर एवं सचिव स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा दिए गए निर्देशों के तहत शाला प्रवेश उत्सव मनाए जाने तथा इसके पूर्व शाला की साफ सफाई एवं रखरखाव के लिए आवश्यक जानकारियां दी गई। निरीक्षणकर्ताओं द्वारा प्रशिक्षण व्यवस्था प्रभारी सतीश तिवारी एवं डीआरजी मास्टर ट्रेनर सीमा यादव, कमल किशोर कुर्रे एवं मनीष चंद्राकर से प्रशिक्षण संबंधी जानकारी ली। इस क्रम में विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा संकुल समन्वयक एवं संकुल प्राचार्य की बैठक ली गई। जिसमें सचिव स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों के संबंध में विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक में झलप जोन के अंतर्गत समस्त संकुल के संकुल प्राचार्य एवं संकुल समन्वयक उपस्थित रहे।

# राजपूत क्षत्रिय चौहान महासभा ने मनाया सम्राट पृथ्वीराज चौहान का जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राजपूत क्षत्रिय चौहान महासभा ने 9 जून को सामाजिक भवन रावाभाटा में कुल शिरोमणि भारत के अंतिम सम्राट पृथ्वीराज चौहान का जन्मदिन सभी सामाजिक परिवारों ने मिलकर मनाया। इस वर्ष सम्राट पृथ्वीराज चौहान का जन्मदिन 03 जून को था, जिसे समाज के लोगों ने अपने अपने घरों में मनाया। 9 को सभी छग के सामाजिक परिवार इकट्ठे होकर जन्मदिन मनाते हुए सम्राट की वीरता और उनके कुशल प्रशासन को नमन किए। सम्राट पृथ्वीराज चौहान अखंड भारत के भगवा धर्म रक्षक रहे है, जिनकी वीरता की गाथा मुगल दुश्मनों ने भी गाया है। इस कार्यक्रम में दंडी स्वामी श्रीमज्ज ज्योतिर्मयनंद



सरस्वती का आशीर्वचन समाज को प्राप्त हुआ। उन्होंने समाज को एकता भाईचारा से रहने का संदेश देते हुए नशामुक्त समाज बनाने पर जोर दिया। साथ ही गौ माता को राष्ट्र माता बनाए जाने की मुहिम में जुड़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम में समाज की मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर गणेश सिंह एवं प्रदेश कार्यकारिणी ने हर्ष जताया। युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर मनमोहन सिंह, दीपक सिंह, प्रकाश सिंह, चेतन सिंह ने आभार जताया। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष, ठाकुर गणेश सिंह प्रदेश कार्यकारिणी, अनिल सिंह, विक्रम सिंह, टिकेंद्र सिंह, पाल सिंह, ठाकुर विनोद सिंह, राज अध्यक्षगण एवं सामाजिक परिवार के बहुत से सदस्य उपस्थित रहे।

# अघरिया समाज की बैठक में कई एजेंडों पर हुई चर्चा

## महासमुंद का क्षेत्रीय वार्षिक सभा व बाल सभा जिला मुख्यालय में करने की सहमति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अखिल भारतीय अघरिया समाज क्षेत्र महासमुंद कार्यकारिणी की बैठक अध्यक्ष परसराम पटेल की अध्यक्षता में प्रीतम काम्प्लेक्स पटेवा में हुई। इसमें केंद्रीय उपाध्यक्ष लक्षमण पटेल, संयोजक होरीलाल पटेल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हेमसागर पटेल, कोषाध्यक्ष जीतराम पटेल, केंद्रीय प्रतिनिधि जयराम पटेल, वरिष्ठ एडवोकेट खगेश्वर पटेल, महासमुंद परिक्षेत्र अध्यक्ष भोजराम पटेल, प्रवक्ता नारायण चौधरी, सचिव देवानंद पटेल मौजूद रहे।

बैठक का शुभारंभ अघरिया समाज के इष्ट देव योगेश्वर कृष्ण भगवान के प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित, कुंकुम गुलाल पुष्पमाल श्रीफल अर्पित कर जयघोष कर किया गया। अखिल भारतीय अघरिया समाज क्षेत्र महासमुंद अध्यक्ष परसराम पटेल ने अपने स्वागत भाषण में बैठक के एजेंडों पर चर्चा करते हुए उपस्थित सदस्यों से विचार मांगे।

वार्षिक क्षेत्रीय सभा का आयोजन, समाज को प्राप्त भूखंड पर सामाजिक भवन निर्माण के लिए भूमिपूजन, बोर्ड परीक्षा 2024 में 12वीं एवं 10वीं में 90 प्रतिशत अंक से ऊपर पाने वाले मेधावी विद्यार्थियों का अखिल भारतीय अघरिया समाज के केंद्रीय स्तर पर सम्मान, 75 प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाले विद्यार्थियों का क्षेत्र महासमुंद स्तर पर सम्मान, वार्षिक हाड़ी बरार, विवाह पूर्व प्री वेडिंग शूटिंग, मांसाहारी भोजन प्रचलन, जूता चोरी प्रथा सहित अन्य सामाजिक मुद्दे प्रमुख एजेंडे में शामिल थे।

बैठक में उपस्थित समाज के केंद्रीय एवं क्षेत्रीय पदाधिकारियों ने सामाजिक विषयों पर गहनता से विचार मंथन करते हुए यह निर्णय लिया कि भूखंड भूमिपूजन तथा अखिल भारतीय अघरिया समाज क्षेत्र महासमुंद का क्षेत्रीय वार्षिक सभा बाल सभा जिला मुख्यालय महासमुंद में आयोजित किया जाएगा। उक्त सभा में प्री वेडिंग शूटिंग, मांसाहारी भोजन व्यवस्था, जूता चोरी प्रथा सहित अन्य सामाजिक विषयों को चर्चा के लिए रखा जाएगा। हाड़ी बरार एवं संरक्षक सदस्यता समय पर पूर्ण कर ली जाएगी तथा परिक्षेत्र अध्यक्ष समाज के 75 प्रतिशत से अधिक अंक एवं 90 प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाले विद्यार्थियों की सूची फ़ोटो सहित शीघ्र एकत्र कर सचिव के पास जमा करें। ताकि, क्षेत्रीय एवं केंद्रीय स्तर पर सम्मान किया जा सके। बैठक में छाबेंद्र पटेल, चंद्रहास कश्यप, अजय पटेल, गौकरण पटेल, फागुलाल पटेल, वृंदावन पटेल, मोहन पटेल, खुगेश्वर पटेल, कुमार सिंह पटेल, दिगेश्वर पटेल, नीलमणि पटेल, बाबूलाल पटेल, कार्तिक पटेल, व्यास नारायण पटेल, सुभाष पटेल, नारायण पटेल, रोशन पटेल, चैनसिंह पटेल सहित बड़ी संख्या में समाज के स्वजातीय बंधु सम्मिलित हुए।





| Saraipali To | Zest | Crysta | Today Offer |
|---|---|---|---|
| Raipur Airport | 1499 | 2999 | 999 |
| Nagpur / Jabalpur/ Ambikapur | 5999 | 8999 | 3999 |
| Sambalpur / Bargarh / Blangir | 1999 | 2999 | 999 |